***आयकर विभाग, मुंबई ने खेल कोटे के तहत हरियाणा के 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नियुक्त किया***

**मुंबई/हरियाणा, 12 अगस्त 2026:** आयकर विभाग, मुंबई ने खेल कोटे के तहत हरियाणा के 10 प्रतिभाशाली एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्त किया है। यह पहल खेल प्रतिभाओं को पहचान देने और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को देश की सेवा के साथ-साथ अपने खेल करियर को जारी रखने का अवसर प्रदान करने की विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

नवनियुक्त खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र 12 अगस्त 2026 को मुंबई स्थित आयकर भवन में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, मुंबई, श्री आलोक कुमार द्वारा प्रदान किए गए।

आयकर विभाग द्वारा 7 जनवरी 2026 को अधिसूचना जारी कर 97 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती प्रक्रिया के दौरान देशभर से विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों से कुल 3,595 आवेदन प्राप्त हुए। निर्धारित मानदंडों के अनुसार आवेदनों की गहन जांच एवं मूल्यांकन के बाद 97 खिलाड़ियों का मेरिट के आधार पर चयन किया गया।

इस भर्ती की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि चयनित खिलाड़ियों में 80 प्रतिशत से अधिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है अथवा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जो चयनित खिलाड़ियों की उच्च खेल प्रतिभा को दर्शाता है।

चयनित 97 खिलाड़ियों में हरियाणा के 10 खिलाड़ियों ने योगासन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस जैसे विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

*आयकर विभाग में शामिल हुई हरियाणा की खेल प्रतिभाएं*

*अभिषेक, 24 वर्ष, कर सहायक - योगासन:*
अभिषेक ने वर्ष 2026 में अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2025 में नई दिल्ली में आयोजित दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में भी दो स्वर्ण पदक जीते।

*अजय कुमार, 21 वर्ष, कर सहायक - वॉलीबॉल:*
अजय कुमार ने बहरीन के रिफा में आयोजित 21वीं एशियाई पुरुष अंडर-20 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने मध्य प्रदेश के पन्ना में आयोजित 25वीं यूथ नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भी रजत पदक हासिल किया।

*अमन, 19 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - फुटबॉल:*

अमन वर्ष 2022 में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने वर्ष 2023 में सऊदी अरब के दम्माम में आयोजित AFC अंडर-17 एशियन कप क्वालीफायर में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहां भारत ने AFC अंडर-17 एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया।

*आशीष, 20 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - कबड्डी:*
आशीष ने वर्ष 2023 में आयोजित दूसरी जूनियर विश्व कबड्डी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने 2025 में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

*निशा, 21 वर्ष, कर सहायक - फुटबॉल:*
निशा ने वर्ष 2022 में जमशेदपुर में आयोजित SAFF चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें भारतीय टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2021 में ढाका, बांग्लादेश में आयोजित SAFF चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक हासिल किया।

*रमन, 20 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - एथलेटिक्स:*
रमन ने वर्ष 2024 में चेन्नई में आयोजित दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2023 में कोयंबटूर में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक हासिल किया।

*रितु देवी, 21 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - फुटबॉल:*
रितु देवी ने वर्ष 2022 में आयोजित SAFF अंडर-18 महिला चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें भारतीय टीम चैंपियन बनी। उन्होंने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार का भी प्रतिनिधित्व किया, जिसने वर्ष 2023-24 में अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता।

*रोहित कुमार, 20 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - कबड्डी:*
रोहित कुमार ने वर्ष 2023 में आयोजित दूसरी जूनियर विश्व कबड्डी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2025 में आयोजित 50वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया, जहां हरियाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

*उपेंद्र, 23 वर्ष, बहु-कार्य कर्मचारी - कबड्डी:*
उपेंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ष 2024 में महाराष्ट्र में आयोजित 70वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2025 में उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी कांस्य पदक हासिल किया।

*सुहाना सैनी, 19 वर्ष, कर सहायक - टेबल टेनिस:*
सुहाना सैनी ने वर्ष 2025 में आयोजित सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2023 में स्लोवेनिया में आयोजित विश्व युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी हासिल किया।

*खेल प्रतिभाओं को करियर जारी रखने का अवसर*

इस अवसर पर प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, मुंबई, श्री आलोक कुमार ने नवनियुक्त खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि खिलाड़ियों को विभागीय जिम्मेदारियों के साथ अपने खेल का अभ्यास जारी रखने और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पर्याप्त अवसर मिलें।

उन्होंने कहा कि आयकर विभाग को उम्मीद है कि नवनियुक्त खिलाड़ी अपने खेल जीवन में प्रदर्शित अनुशासन, दृढ़ संकल्प, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को सार्वजनिक सेवा में भी आगे बढ़ाएंगे।

यह नियुक्ति खेल प्रतिभाओं के प्रति सरकार की व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाती है और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने के साथ-साथ अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती है।

नियुक्ति कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त खिलाड़ियों को उनकी भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों, सेवा शर्तों तथा लागू सरकारी नियमों के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि वे अपने दायित्वों की स्पष्ट समझ के साथ विभाग में अपनी नई पेशेवर यात्रा शुरू कर सकें।

हरियाणा के इन 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के आयकर विभाग में शामिल होने से विभाग में खेल संस्कृति को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह पहल युवा खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ राष्ट्र सेवा में योगदान देने के लिए भी प्रेरित करेगी।

*************